Title: Need to implement the Contract Labour Abolition Act to save the labourers from the atrocities of the contractors.

प्रो. जोगेन्द्र कवाडे : सभापति महोदय, कांट्रैक्ट लेबर एबॉलिशन एक्ट होने के बावजूद भी हमारे देश के कई उद्योगों में ठेकेदारी प्रथा चल रही है। इससे मजदूरों का शोषण हो रहा है। अफसोस इस बात का है कि जो सरकारी उपक्रम और उद्योग हैं, उनमें भी ठेकेदारी प्रथा के होने से मजदूरों का बहुत शोषण हो रहा है। मैं यह अपील करता हूं कि कांट्रैक्ट लेबर एबॉलिशन एक्ट को बहुत कठोर तरीके से लागू किया जाए और इस प्रथा को समाप्त किया जाए।